महत्वपूर्ण एवं खास

नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी की सक में युवक की गला रेत कर की हत्या

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के कटेकल्याण थाना क्षेत्र में माओवादियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए एक ग्रामीण को मौत की घाट उतार दिया है। 10 फरवरी की देर रात करीब 8 से 10 की संख्या में पहुंचे हथियारबंद माओवादियों ने वारदात को अंजाम दिया है। नक्सलियों की दहशत की वजह से परिजन इसकी जानकारी पुलिस को देने से डर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, जिले के टेटम गांव के रहने वाले ग्रामीण मंगलू मरकाम की नक्सलियों ने हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मंगलू अपने घर में सोया हुआ था। 10 फरवरी की रात 10 बजे 8-10 सशस्त्र नक्सली मंगलू के घर पहुंचे। घर से उसे उठाकर ले गए और कुछ ही दूरी पर गला रेतकर हत्या की। हत्या करने के बाद शव गांव में ही फेंक दिया। घटना की जानकारी 11 फरवरी को पुलिस को मिली।एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि कटे कल्याण थाने में अपराध दर्ज कर मामले की जांच जा रही है।

बजट सत्र के लिए अब तक लगे 467 प्रश्न : ऑफलाइन 372 एवं ऑनलाइन 95 प्रश्न लगाए गए

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के लिए विधायकों द्वारा प्रश्न लगाने का सिलसिला जारी है। अब तक कुल 467 प्रश्न लगाए जा चुके है, जिनमें 372 ऑफलाईन और 95 ऑनलाइन के माध्यम से प्रश्न लगाए गए है। बजट सत्र 07 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है जो 25 मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल 13 बैठकें होगी। 10 फरवरी तक सत्र के लिए विधायकों द्वारा कुल 467 प्रश्न लगाए गए है। जिस तरह से बजट सत्र के लिए विधायकों द्वारा बढ़-चढक़र प्रश्न लगाए जा रहे है उससे सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है।

नकली अधिकारी बनकर करते थे ठगी, तीन गिरफ्तार

बलौदाबाजार (आरएनएस)। बलौदाबाजार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. जानकारी के मुताबिक 3 ऐसे ठग को गिरफ्तार किया है, जो खुद को पुलिस अधिकारी बताते थे. और ढाबा संचालकों को धौंस दिखाकर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे. पुलिस ने मामले में खुलासा करते हुए बताया कि जिले में लगातार इस तरह की वारदाते हो रही थी. जिस पर लगाम लगाने टीम बनाई गई. पुलिस कर्मियों को सादी वर्दी में तैनात किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में युवराज साहू समेत 3 आरोपी शामिल है.

तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक सवार को मारी ठोकर,मौके पर एक की मौत

धमतरी (आरएनएस)। अर्जुनी थाना क्षेत्र के कोलियारी में ट्रक की ठोकर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं बाईक चालक घायल हो गया है। जिसे जिला अस्पताल पहुँचाया गया। सूचना मिलते ही पहुंचे पुलिस ने शव और घायल को पिकअप में जिला अस्पताल भेजा। मौके पर यातायात पुलिस डीएसपी एमएस चंद्रा भी स्टाफ के साथ पहुंच गए। घटना के बाद चालाक ट्रक के साथ फरार होने की कोशिश कर रहा था जिसे भोयना मोड़ के पास पकड़ लिया गया। जानकारी के मुताबिक घायल हरी राम साहू (56) बारना ने बताया कि वह अपने गांव के पुनाराम साहू (60) पिता हीरालाल साहू के साथ कोर्ट आया हुआ था। बाइक से दोनों वापस लौट रहे थे तभी कोलियारी मोड़ के पास ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी। पुनाराम साहू सडक़ की ओर गिर गया और ट्रक की चपेट में आ गया। वाह बाएं तरफ गिर गया जिससे शरीर में चोट आई है।

बिजली के तार की चपेट में आने से बालक झुलसा

कांकेर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय के कंकालिन पारा वार्ड में 11 वर्षीय कंकालिन पारा वार्ड निवासी दुर्गेश अपने मित्रों के साथ मोहल्ले में पतंग उड़ा रहा था। एक कटी पतंग घर कि छत के ऊपर लटका हुआ था, जिसे निकालने के लिए दुर्गेश छत में चढने के दौरान बच्चा बिजली के तार की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में दाखिल किया, जहां बच्चे का उपचार जारी है।

लोकहित से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें : मुख्य सचिव

❍ मुख्य सचिव द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार प्रदेश की जनता की सुविधा और राहत पहुंचाने के लिए अनेक अभिनव योजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। आने वाले समय में इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरूआत राज्य शासन द्वारा की जाएगी। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में इन योजनाओं की रूपरेखा और क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्य सचिव जैन ने बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। इन योजनाओं का क्रियान्वयन वित्त विभाग, जीएसटी, राजस्व, स्वास्थ्य, गृह, ऊर्जा, नगरीय प्रशासन, एनआईसी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, आवास एवं पर्यावरण, वन, लघु वनोपज संघ, वाणिज्य एवं उद्योग, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से इन योजनाओं-कार्यक्रमों से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की जानकारी का संकलन के लिए प्रारूप तैयार करने और इन्हें मूर्तरूप देने के लिए जरूरी गतिविधियों और उनके लिए समय-सीमा निर्धारित करने पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने बैठक में कहा है कि लोकहित से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाना चाहिए।

बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने नई योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। वर्ष

2022 में जून पश्चात जीएसटी क्षतिपूर्ति बंद होने के कारण राजस्व में हो रहे नुकसान से निपटने के लिए प्रस्तुत कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए जैन ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के आर्थिक परिवेश से समानता रखने वाले अन्य राज्यों में जून के पश्चात जीएसटी के टेंऊड की मॉनिटरिंग की जाए। इस क्षेत्र में अन्य राज्यों में यदि बेहतर कार्य हुए है, तो उनका क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ किए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। विषय विशेषज्ञों की सेवा लेकर राजस्व उत्पादक समस्त विभागों के लिए राजस्व बढ़ाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश जैन ने दिए है। उन्होंने कहा है कि फरवरी माह के अंत तक वित्तीय विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर कार्य प्रारंभ कर लिया जाए।

राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, विद्युत तथा नगरीय निकायों से संबंधित समस्याओं का शासन स्तर पर ऑनलाइन मॉनिटरिंग की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव जैन ने इस कार्य में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गृह, राजस्व और नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए है।

मुख्य सचिव ने फरवरी माह के अंत तक जिला स्तर से लेकर तहसील स्तर पर फ्री होल्ड किए जाने वाले ग्रामीण पट्टों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। योजना के क्रियान्वयन के लिए भू-राजस्व संहिता में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम के निवेश क्षेत्रों में पांच हजार वर्गफुट भूमि के ले-आउट ऑनलाइन अनुमोदन की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा है कि निवेश क्षेत्रों में ले-आउट अनुमोदन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे पात्र व्यक्तियों-संस्थाओं को लाभ लेने के लिए आसानी हो सके।

कांकेर जिले के नाथिया नवागांव में प्रस्तावित कोदो-कुटकी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के संबंध में समीक्षा करते हुए जैन ने वाणिज्य एवं उद्योग और लघु वनोपज संघ को संयुक्त रूप से विस्तृत कार्ययोजना मार्च तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगर निगम क्षेत्रों में पांच हजार वर्गफुट भूमि की भवन अनुज्ञा की ऑनलाइन स्वीकृति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा है कि विगत दो-तीन वर्षों में स्वीकृत भवन अनुज्ञा के प्रकरण और तीन जनवरी से प्रारंभ ऑनलाइन प्रक्रिया के बाद स्वीकृत भवन अनुज्ञा प्रकरणों की तुलनात्मक जानकारी प्रस्तुत तैयार की जाए और इसकी नियमित समीक्षा भी की जाए। राज्य में एथेनाल उत्पादन के लिए 4800 करोड़ रूपए के 27 एमओयू विभिन्न एथेनाल कम्पनियों द्वारा किए गए है। इनके माध्यम से 100 करोड़ लीटर से अधिक एथेनाल उत्पादन का वार्षिक लक्ष्य रखा गया है। मुख्य सचिव ने इन एथेनाल कम्पनियों से निरंतर सम्पर्क रखने और एथेनाल उत्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही एथेनाल कम्पनियों द्वारा एथेनाल के अतिरिक्त क्रय हेतु अनुबंध प्रक्रिया बढ़ाने के निर्देश दिए है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जन उपयोगी सेवाओं की घर पहुंच सेवा को 31 मार्च से पूर्व प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए है।

विभिन्न विभागों में शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, चार आरोपी गिरफ्तार

❍ 02 लाख नगदी, एक स्विफ्ट डिजायर कार, कम्प्यूटर सिस्टम व 04 नग मोबाईल जब्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर पुलिस ने विभिन्न विभागों में शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 02 लाख नगदी, एक स्विफ्ट डिज़ायर कार, घटना में प्रयुक्त कम्प्यूटर सिस्टम, 04 नग मोबाईल जुमला कीमती 10 लाख रूपये जब्त किया गया है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 10.02.2022 को प्रार्थी नोहर सिंह सोनवानी थाना उपस्थित आकर एक लिखित शिकायत पेश किया कि ग्राम खुर्सीटिकुल, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के निवासी कोमल महानदिया एवं उनके पुत्र प्रकाश महानदिया ने उनसे राजभवन के पास गढ़ कलेवा रायपुर में शासकीय विभाग में भृत्य के पद में नौकरी लगाने के नाम पर 03 लाख रू. नगद रकम ले लिया एवं राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन विभाग में भृत्य के पद में नियुक्ति के सम्बन्ध में फर्जी नियुक्ति आदेश प्रदाय किया। आदेश की फर्जी होने के सम्बन्ध में जानकारी होने पर वे दोनों फरार हो गये की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन रायपुर में अपराध क्रमांक 71/2022 धारा 420, 467,468,471,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी कोमल महानदिया एवं उनके पुत्र प्रकाश महानदिया को मरीन ड्राईव तेलीबान्धा से तलबकर थाना लाया गया। पूछताछ करने पर जूर्म स्वीकार करते हुए अपराध में अपने सहयोगी सुरम पल्ली सांई श्रीनिवास और अमन बंजारे को संलिप्त होना बताया। आरोपी के बताये अनुसार सुरम पल्ली सांई श्रीनिवास के घर में दबिश देकर सुरम पल्ली सांई श्रीनिवास को तलबकर थाना लाया गया। प्रकरण के सम्बन्ध में पूछताछ करने से श्रीनिवास द्वारा अमन बंजारे एवं उमेश कुमार दिव्य के द्वारा फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर कई लोगों से पैसा ऐंठने की बात स्वीकार की।

श्रीनिवास के निशानदेही पर फर्जी नियुक्ति आदेश तैयार करने वाले उमेश कुमार दिव्य जो शुक्रवारी बाजार बीरगांव जहां वह छत्तीसगढ़ कम्प्यूटर्स नाम से च्वाईस सेन्टर चलाता था दबिश देकर गिरफ्तार किया तथा फर्जी नियुक्ति आदेश तैयार किये जाने वाले कम्प्यूटर सिस्टम को जप्त किया गया है। उपरोक्त आरोपी कोमल महानदिया से प्रार्थी से लिये 03 लाख रू. में से 50 हजार रू. एवं धोखाधड़ी करने के लिए प्राप्त स्विफ्ट डिजायर को जप्त किया गया।

आरपीएफ टीम ने बड़ी मात्रा में किया गांजा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की आरपीएफ टीम ने बड़ी मात्रा में समता एक्सप्रेस से गांजा जब्त किया है. ये पूरी कारर्वाई आरपीएफ गोंदिया और अपराध गुप्तचर शाखा द्वारा की गई है. जानकारी के मुताबिक सुरक्षा नियंत्रन कक्ष नागपुर के माध्यम से मौखिक सूचना मिली की गाडी क्रमांक 12807 समता एक्सप्रेस में 3 बैग लावारिस हालत में हैं. सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त रेसुब नागपुर पंकज चुघ, सहायक सुरक्षा आयुक्त एस.डी.देशपांडे के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक नंद बहादुर रेसुब पोस्ट गोदिया, निरीक्षक अनिल पाटिल अपराध गुप्तचर शाखा गोंदिया, उप निरीक्षक मयंक मिश्रा रेसुब पोस्ट गोंदिया, आरक्षक नासीर खान, प्रधान आरक्षक करतार, आरक्षक राजेश्वर गुप्ता, विशाल ठवरे, प्र.आ. एन.ई.नगराले, एस के नेवारे, सुभाश ठोंबरे की एक टीम गठित कर उक्त गाड़ी के दिनांक 09.02.2022 को समय लगभग 00.22 बजे पीएफ नं. 3 आगमन पर गाड़ी को अटैंड कर घेराबंदी की गई तथा कोच नं. एस-7 में सूचना के आधार पर उक्त कोच के बाथरूम को चेक किये, तो बाथरूम के अंदर 3 नग कपड़े के बड़े-बड़े बैग लावारिस हालत में बरामद हुए.

पीएम आवास में मकान दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के सरकंडा थाना क्षेत्र में पीएम आवास में दो मकान दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने नगर निगम के अधिकारियों तक खुद की पहुंच बताई और चार लाख रुपए हड़प लिए। छह माह तक चक्कर काटने के बाद भी मकान नही मिला तो लोग थाने पहुंचे। पुलिस ने बताया कि चांटीडीह में रहने वाले प्रमोद दुबे और उसका भाई शिवबोध दुबे एक साथ किराए के मकान में रहते थे। तोरवा निवासी पवन पटेल उनका पूर्व परिचित है। उन्हें मकान की जरूरत थी। तब पवन ने कहा कि उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई लोगों को मकान दिलवाया है। उन्हें भी दिला देगा। उसकी नगर निगम में अफसरों से जान-पहचान है और रुपए खर्च करने पर मकान मिल जाएगा। प्रमोद इसके लिए तैयार हो गया। एक अप्रैल 2021 को उसने पवन से दो मकान के लिए चार लाख रुपए में सौदा तय किया और एग्रीमेंट भी करा लिया। इसके साथ ही उसने रुपए भी दे दिए। लेकिन, बाद में न तो उसे मकान मिला और न ही पवन ने उसे रुपए लौटाए। तब उसने थाने में केस दर्ज करा दी। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी पवन की तलाश कर रही थी। लेकिन, वह फरार था। शुक्रवार की शाम पुलिस ने तोरवा में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने चार लाख रुपए को जुआ-सट्?टा खेल कर हारने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी पवन पटेल को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रेमी-प्रेमिका ने आपसी रजामंदी से गर्भ मे पल रहे चार माह के भूण का टेबलेट खाकर करा दिया गर्भपात

❍ सूचना पर पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका के खिलाफ आईपीसी की धारा 315 (34) के तहत किया अपराध पंजीबद्ध

❍ दस साल की सजा का है प्रावधान, जल्द होगी प्रेमी-प्रेमिका की गिरफ्तारी

जशपुर(आरएनएस)। जशपुर से बड़ी खबर निकलकर आ रही है। मामला जशपुर जिले के कोतबा चौंकी क्षेत्र की है। प्रेमी-प्रेमिका ने आपसी रजामंदी से गर्भ में पल रहे चार माह के भ्रुण का टेबलेट खाकर गर्भपात करा दिया। सूचना पर कोतबा पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका के खिलाफ आईपीसी की धारा 315 (34) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है। आपको बता दे उक्त धारा के तहत अपराध प्रमाणित हो जाने पर दस साल की सजा का प्रावधान है। इस मामले मे प्रेमी-प्रेमिका की जल्द गिरफ्तारी होगी।

घटना के संबंध मे पत्थलगांव एसडीओपी अब्दुल अलीम खान ने बताया कि मामला कोतबा चौंकी का है। उन्होंने बताया कि साक्ष्य के रूप मे भ्रूण का डी.एन.ए. टेस्ट कराया जाना है। इसी बीच प्रेमी-प्रेमिका की गिरफ्तारी होगी। एसडीओपी ने बताया कि प्रेमी-प्रेमिका दोनो ने यह स्वीकार किया है कि वे आपसी रजामंदी से गर्भ मे पल रहे बच्चे का टेबलेट खाकर गर्भपात कराये हैं।

प्रेमिका कु.पुजा यादव उम्र 22 वर्ष के गर्भपात कराने से भ्रुण करीब 4 माह का शिशु मृत होने पर पुलिस द्वारा जांच पंचनामा कार्यवाही किया गया । उक्त मर्ग डायरी संपूर्ण जांच कार्यवाही व क्करू रिपोर्ट के बाद पुलिस ने पाया कि कु. पुजा यादव ग्राम सुरंगपानी और शिव प्रसाद ऊर्फ सोमारू ग्राम सहसपुर थाना फरसाबहार के बीच माह सितम्बर 2021 से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों के बीच शारिरीक संबंध होने से कु. पुजा यादव के पेट में करीब 4 माह का गर्भ ठहर गया तथा पुजा यादव और शिव प्रसाद ऊर्फ सोमारू पैंकरा उक्त दोनों के रजामंदी से शिव प्रसाद उर्फ सोमारू पैंकरा द्वारा गर्भपात कराने वाले टेबलेट कु. पुजा यादव को दिया गया तथा कु. पुजा यादव के द्वारा गर्भपात टेबलेट का सेवन करने पर दिनांक 31.01.2022 को करीब 04 माह का भ्रुण गर्भपात हो गया।

चिटफंड साईं प्रसाद की संपत्ति की नीलामी आज होगी

कोरबा (आरएनएस)। चिटफंड कंपनी मेसर्स साईं प्रसाद फूड्स लिमिटेड कंपनी की कुर्क की गई संपत्ति की नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने आवेदन करने के लिए एक दिन का समय शेष है। 12 फरवरी को तहसील कार्यालय कोरबा में नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। इच्छुक खरीदारों को 11 फरवरी शाम 5:30 बजे तक अमानत राशि के रूप में संपत्ति के ऑफसेट मूल्य का 10 प्रतिशत 13 लाख 39 हजार 135 रुपये एफडीआर या डिमांड ड्राफ्ट श्कलेक्टर कोरबाश् के नाम से तहसील कार्यालय कोरबा में जमा करना होगा। इच्छुक खरीददारों को अमानत राशि के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, विगत वर्ष का आयकर भुगतान पत्रक, बोलीदाता के पते की पुष्टि के समर्थन में पूर्ण पता युक्त नोटरी शुदा शपथ पत्र भी संलग्न करना होगा।

तहसीलदार कोरबा पंचराम सलामे ने बताया कि संपत्ति की सरकारी कीमत से कम बोली खुली नीलामी में नहीं बोलने दी जाएगी। उच्चतम बोली संपत्ति की कीमत मानी जाएगी। इसी उच्चतम बोली पर भूखंड का भूमि स्वामी हक में विक्रय की कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक पक्षकार की ओर से आवेदक तथा उसके वैध अभिकर्ता सहित अधिकतम दो व्यक्ति खुली नीलामी में उपस्थित हो सकेंगे। सबसे उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को छोडक़र शेष व्यक्तियों द्वारा एफडीआर या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की गई अमानत राशि संबंधित व्यक्तियों को वापस कर दी जाएगी। साथ ही जमा अमानत राशि पर किसी प्रकार का कोई ब्याज देय नहीं होगा।

उल्लेखनीय है कि मेसर्स साई प्रसाद फूड्स लिमिटेड कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक गुरूशरण सिंह के विरूद्ध थाना बालको नगर में लोगों को झांसा देकर अपनी कंपनी में निवेश करने के लिए अवैध रूप से पैसा जमा करवाने का अपराध पंजीबद्ध है। न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार गुरूशरण सिंह को भारतीय दंड विधान के विभिन्न धाराओं, ईनामी चिटफंड धन परिचालन अधिनियम 1978 एवं छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितो के संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत आरोपी घोषित किया गया है। कलेक्टर रानू साहू द्वारा जिले के चिटफंड पीड़ितो को राहत दिलाने के लिए मेसर्स साई प्रसाद फूड्स लिमिटेड कंपनी के टीपी नगर कोरबा में स्थिति परिसंपत्तियों को कुर्क किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सरस्वती के ऐतिहासिक विवाह के साक्षी बने जनप्रतिनिधि-अधिकारी

❍ कन्यादान करने पहुंचे डॉ. महंत दंपत्ति ने निभाई सभी रस्में

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के 36गढ़ों में शामिल गढ़ लाफा महिषासुर मर्दिनी की धरती पर गुरुवार को बेटी सरस्वती का विवाह ऐतिहासिक रहा। लाफा में शासन-प्रशासन का काफिला उमड़ा रहा। पूरे रीति-रिवाज, रस्म एवं परंपराओं को डॉ. महंत दंपत्ति के द्वारा निभाया जा रहा है।

कोरबा जिले के पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम लाफा में 24 साल पहले वर्ष 1998 में जिस सरस्वती

को तत्कालीन गृह, वाणिज्यकर एवं जनसंपर्क मंत्री डॉ. चरणदास महंत ने गोद लिया, आज उसके हाथ पीले कर कन्यादान करते हुए ससुराल के लिए विदा करने रस्म और रिवाज निभाए जा रहे है। ग्राम लाफा में सरस्वती के निवास पर उसके दिवंगत पिता चमरादास एवं माता स्व. वेद कुंवर के सपनों को डॉ. चरणदास महंत धर्मपत्नी कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत के साथ मिलकर पूरा कर रहे हैं। पुत्र सूरज महंत भी उपस्थित रहकर भाई का फर्ज निभा रहे हैं।

सरस्वती के विवाह कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के रतनपुर के ग्राम पुडु से पहुंचे बारातियों का धूम-धाम से स्वागत और अगवानी की गई। डॉ. चरणदास महंत ने वर नंद दास के पिता बेचन दास एवं वर पक्ष के लोगों से समधी भेंट की रस्म निभाई। सरस्वती के अन्य परिजनों ने भी इस रिवाज को पूरा किया। हर तरह की विधि और रस्मों को निभाया जा रहा है। सरस्वती-नंद दास का यह विवाह समारोह देखते ही बनता है। ग्रामीणों के लिए भी यह विवाह किसी आश्चर्य और कौतुहल से कम नहीं जिसमें आम और खास का काफिला उमड़ा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि मां महिषासुर मर्दिनी के आंचल की छाया में बसे ग्राम लाफा और बेटी सरस्वती का ही पुण्य प्रताप है कि आज मैं इस मुकाम पर पहुंचा हूं। सरस्वती के कन्यादान का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ है जो मेरे और मेरे परिजनों के लिए अविस्मरणीय क्षण है। विवाह में पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा, कलेक्टर रानू साहू, एसपी भोजराम पटेल, कटघोरा वनमंडलाधिकारी शमा फारूखी, जिला पंचायत के प्रतिनिधि, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सहित कोरबा के अलावा जांजगीर-चाम्पा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरिया, बिलासपुर, सक्ती विधानसभा से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग विवाह की शोभा बढ़ाने पहुंचे है। सैंकड़ों वाहनों का काफिला लाफा में पहुंचता रहा जो ग्रामीणों के लिए कौतुहल का विषय रहा। नव दंपत्ति सरस्वती-नंद दास को आशीर्वाद देने के लिए पाली, लाफा, कटघोरा सहित आसपास के गांवों के लोग भी उमड़े हैं।